अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तत्त्वज्ञान (वर्ष : 2021) दिनांक : 18.12.2021

समय सीमा : 3 घंटा प्रथम वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

पच्चीस बोल–20

प्र. 1 कोई तीन बोल लिखें– 12

(क) नौवां व सतरहवां बोल।

(ख) चौबीसवां बोल (अंक 12 का भांगा)।

(ग) चौदहवां बोल–अजीव तत्त्व व पुण्य के भेद।

(घ) बीसवां बोल।

(ङ) दसवां बोल व निर्जरा के भेद।

प्र. 2 किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दें– 5

(क) अंतरंग तपस्या का दूसरा नाम लिखें।

(ख) योग किसे कहते हैं?

(ग) मोक्ष के दो अर्थ लिखें।

(घ) आठवें आश्रव का नाम लिखें।

(ङ) पांच कोटि त्याग लिखें।

(च) जो पुद्‌गल आत्मा के स्वरूप को आवृत, विकृत करते हैं, उन्हें हम क्या कहते हैं?

(छ) गति शब्द का क्या अर्थ है?

प्र. 3 जीव की जितनी परिणतियां हैं, भिन्न-भिन्न प्रकार की रूपान्तरित अवस्थाएं हैं उतनी ही............................ है। यह कौन सा बोल है? तथा इस बोल को पूरा लिखें। 3

पच्चीस बोल की चर्चा–45

प्र. 4 कोई तीन बोल की चर्चा लिखें– 15

(क) बीसवां व सतरहवां।

(ख) चौदहवां बोल (दस भेद तक)।

(ग) छठा व सातवां।

(घ) आठवां बोल (छह योग से अंत तक)।

(ङ) पांचवां तथा पच्चीसवां।

कृ. पृ. प.

प्र. 5 किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर लिखें– 18

(क) जीव के बारह भेद किसमें, कौन से व क्यों?

(ख) दो आत्मा किसमें, कौन सी व कैसे?

(ग) पांच प्राण किसमें, कौन से व कैसे?

(घ) ग्यारह गुणस्थान किसमें? कौन से व कैसे?

(ङ) लब्धि, अलब्धि शब्द का क्या तात्पर्य है?

(च) मनुष्य में तीन भेद कौन-कौन से व किस अपेक्षा से?

(छ) पांच लेश्या किसमें व किस अपेक्षा से?

प्र. 6 किसमें व कौन-कौनसे पाये जाते हैं? कोई छह करें– 12

(क) ग्यारह उपयोग।

(ख) बारह गुणस्थान।

(ग) आठ दण्डक।

(घ) छह आत्मा।

(ङ) जीव के ग्यारह भेद।

(च) चार द्रव्य।

(छ) छह प्राण।

पच्चीस बोल की चतुर्भंगी–35

प्र. 7 कोई पांच बोल की चतुर्भंगी लिखें– 25

(क) चौबीसवां।

(ख) संवर तत्त्व।

(ग) सतरहवां।

(घ) चौदहवां बोल निर्जरा।

(ङ) उन्नीसवां।

(च) अठारहवां।

(छ) सोलहवां।

प्र. 8 किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखें– 10

(क) भांगा का संबंध किससे है?

(ख) द्रव्य लेश्या अजीव क्यों होती है?

(ग) व्युत्सर्ग वाले जीव कम क्यों होते हैं?

(घ) सोलहवें दण्डक के जीव अधिक किस अपेक्षा से?

(ङ) गुणस्थान को जीव क्यों माना गया है?

(च) प्राण का क्या अर्थ है?

(छ) सूक्ष्म संपराय चारित्र वाले जीव कम क्यों होते हैं?

(ज) किस गुणस्थान के जीव कम, किस गुणस्थान के जीव अधिक?

(झ) कौन सा द्रव्य कम, कौन सा द्रव्य अधिक?

(ञ) मोक्ष जीव या अजीव।

(ट) तुम्हारे में आश्रव के भेद कितने?

(ठ) शरीर किस कर्म का उदय?